


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 114 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 06 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## पहली बार पिच्चासी पार...

## नहीं थम रहे सोने के दाम, चांदी में भी बढ़ोतरी

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों देशभर में विवाह समारोह की धूम है। इधर सोना-चांदी की चमक भी बरकरार है। वेडिंग सीजन में जमकर खरीदारी के बावजूद एक बार फिर सोने के दामों में उछाल आया है। यानी अब सोना खरीदा तो जेब थोड़ी और ढीली करनी होगी। बुधवार को सोने के भाव बढक़र 85 हजार 650 रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच गए। वहीं चांदी 93 हजार 200 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गई।



देशभर में इस समय मांगलिक कार्यक्रम बूम पर है। इस दौरान सोने-चांदी की खरीदारी बढ़ जाती है। वेडिंग सीजन के चलते बाजारों में इनकी बढ़ती मांग ने दाम बढ़ा दिए हैं। ऐसे में इस सीजन में बाजार में सोने-चांदी के दाम आपकी जेबों पर अच्छा-खासा बोझ डाल सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आई तेजी से घरेलू बाजार में सोना मंदसौर में 85 हजार 650 रुपए दस ग्राम पर चांदी 93 हजार 200 रुपए किलो के स्तर पहुंची। इन दिनों सीजन चल रहा है, ऐसे में सराफा बाजार में सोना-चांदी की ज्वेलरी खरीदने वाले भी पहुंच रहे हैं। चूंकि दोनों कीमती धातुओं के दाम काफी बढ़े हुए हैं ऐसे में मार्केट ट्रेड भी बदल गया है। सोने की ज्वेलरी लेने वाले इन दिनों 18 और 20 कैरेट की ज्वेलरी की डिमांड कर रहे हैं। वहीं सराफा कारोबारियों की मानें तो दामों में वृद्धि के कारण आने वाले सीजन के लिए होने वाली ज्वेलरी की एडवांस बुकिंग में भी काफी अंतर देखने को मिल रहा है। फरवरी-मार्च माह के लिए एडवांस बुकिंग 10 फीसदी ही हो रही है। ड्इधर सोने के दाम बढ़ने के कारण ज्वेलरी खरीदने के ट्रेंड में बदलाव देखने को मिल रहा है। खासकर सहालग की खरीदारी में लिए जाने वाली ज्वेलरी की शुद्धता व वजन में काफी अंतर आ गया है। पहले जहां 22 कैरेट की ज्वेलरी ली जाती थी, वहीं अब लोग 18 और 20 कैरेट की ज्वेलरी को खरीद रहे हैं। सराफा कारोबार से जुड़े लोगों ने बताया कि 18 और 20 कैरेट गोल्ड की डिमांड इस वजह से है क्योंकि, इनका वजन हल्का होने के साथ-साथ दाम भी कम हैं। वहीं कुछ लोग पुश्तैनी ज्वेलरी को बदलकर उसे नया स्वरूप भी दे रहे हैं।

# चीता प्रोजेक्ट: चीतों की सुरक्षा पर सवाल..!



### दो बार हो चुकी आगजनी की घटना

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर अभ्यारण्य में चीता प्रोजेक्ट को लेकर तगड़ी तैयारी चल रही है। चीतों का घर मतलब बाड़े तैयार होने के बाद चीतों के खाने की व्यवस्था पर काम हो रहा है। जिसके लिए हेलीकॉप्टर का भी उपयोग किया जाएगा। लेकिन, यहां प्रश्न उठने लगा है चीतों की सुरक्षा को लेकर। करीब पांच दिन पहले एक बार फिर से गांधी सागर अभयारण्य में आगजनी की घटना हुई। चीतों के बाड़े के पास ही यह आग लगी। जिससे अफरा तफरी मच गई। यह बीते 26 दिन में दूसरी घटना है। जबकि, दोनों ही आगजनी में की घटना के समय गर्मी का मौसम नहीं था। वैसे आमतौर पर गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं ज्यादा सामने आती है और आशंका भी अधिक होती है। कहीं न कहीं चीतों की सुरक्षा को लेकर भी इन दो आगजनी की घटनाओं ने सवाल खड़े कर दिए है।

मध्यप्रदेश में कूनो के बाद मंदसौर जिले में लंबे समय से चीतों को बसाने की तैयारी चल रही है। गांधीसागर अभयारण्य में चीतों के लिए 17 करोड़ रुपए की लागत से 8900 हेक्टेयर में विशेष हाई सिक्योरिटी सिस्टम वाला सोलर पॉवर्ड इलेक्ट्रिक फेंसिंग वाला बाड़ा भी तैयार किया गया है। चीतों को यहां लाने के बाद शुरु में अभयारण्य में बनाए गए क्वारेंटाइन बाड़े में रखा जाएगा। इसके लिए 30 बाय 50 अर्थात 1500 स्क्वेयर मीटर के 8 क्वारेंटाइन बाड़े तैयार किए गए हैं। शिकार सहित अन्य कारणों के चलते चीतों और तेंदुओं का आमना-सामना नहीं हो, इसके लिए तेंदुओं को अन्य जगहों पर शिफ्ट भी किया जा रहा है। चीतों के इस नए आशियाने पर न सिर्फ मप्र बल्कि केंद्र सरकार सहित वन विभाग के आला अफसर निगाह बनाए हुए हैं। लेकिन, चीतो की आमद के बीच आग की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हालांकि विभाग पर्याप्त सुविधा व सुरक्षा का दावा कर रहा है।

### दिसंबर के बाद फिर फरवरी में घटना...

बीती 05 दिसंबर 2024 को भी आगजनी की घटना सामने आई थी। चीतों के बाड़े के आसपास वन विभाग द्वारा लाइन कटाई को लेकर कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान तेज हवा के चलते दूसरी ओर घास ने आग पकड़ ली। देखते-ही-देखते 40 हेक्टेयर क्षेत्र में आग फैल गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। हालांकि, इस मामले में विभाग के कर्मचारी की ही गलती सामने आई थी? मामले में अधिकारियों ने कोई नुकसान नहीं होने की बात कही थी। विगत दिनों 30 जनवरी 2025 को गांधीसागर अभयारण्य में रामपुरा रेंज से लगे कुंती रिवर के पास आग लगने की घटना सामने आई। इससे सामने की ओर कुछ दूरी पर ही चीतों का बाड़ा है। विभाग को शाम 6 बजे आग की सूचना मिली। इसके बाद दल मौके पर पहुंचा और संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया गया। रात 8 बजे बाद तक आग पर काबू पाने की मशक्कत जारी रही। चीतों की आमद से पहले ही इस तरह की घटनाओं ने सुरक्षा पर सवाल खड़े करना भी शुरू कर दिए हैं। हालांकि, विभाग कहना है कि इनसे निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं।

### इधर खाने के इंतजाम की तैयारी...

चीतों का घर तैयार होने के बाद खाने के इंतजाम किए जा रहे हैं। पहले कान्हा नेशनल पार्क से चीतल शिफ्ट किए जा रहे थे। अब प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से नीलगाय और काले हिरणों को हेलीकॉप्टर की मदद से हांका लगाकर कंटेनर में भरा जाएगा और गांधीसागर पहुंचाया जाएगा। अफ्रीका के विशेषज्ञों की टीम इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम देगी। देश में ऐसा पहली बार होगा। चीतों को खाने की कमी न हो, इसलिए अक्टूबर 2024 में कान्हा नेशनल पार्क से 18 नर और 10 मादा चीतल गांधी सागर अभयारण्य शिफ्ट किए गए थे। अब वन विभाग जो तरीका अपनाने जा रहा है, उसमें अफ्रीकी एक्सपर्ट टीम हेलीकॉप्टर की मदद से कम समय में इससे कई गुना अधिक वन्य जीवों का ट्रांसलोकेशन कर देगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) सुभरंजन सेन बताते हैं कि इस प्रक्रिया में एक्सपर्ट की टीम बिना किसी वन्य जीव को नुकसान पहुंचाए, मात्र 20 दिन में 400 ब्लैक बक यानी काले हिरण और 100 नीलगायों को ट्रांसलोकेट कर देगी।

# डिप्टी सीएम देवड़ा ने लिया आवेदनों से भरा झोला

## किसानों का धरना समाप्त, मिला आश्वासन

**भोपाल, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजधानी में बुधवार सुबह ही बड़ी संख्या में प्रदेशभर के किसान मंत्रालय घेराव करने पहुंचे थे। भारतीय किसान संघ के बैनर तले लिंक रोड नंबर-1 स्थित ऑफिस के सामने धरना दिया था। किसानों की अधिकार रैली में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मांग जानने के लिए पहुंचे थे। जहां उन्होंने मांगो के निराकरण का आश्वासन देकर किसानो के आवेदन झोला लिया।



किसानों की मांग है कि कृषि पंप योजना, तीन साल से एक ही जगह पर पदस्थ बिजली कर्मचारियों का तबादला किया जाए, तहसीलदार को उसके गृह जिले में न रखा जाए, झूठे बिजली के केस वापस लिए जाए, दूध में मिलावट करने वालों की संपत्ति राजसात की जाए, गोवंश पालने वाले किसानों को अनुदान दिया जाए, नहर एवं सिंचाई परियोजना को पूरा किया जाए, पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाए, धान के रेट 3100 रुपए प्रति क्विंटल की जाए।

डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने किसानों को आश्वासन दिया है कि सारी मांगों को पूरा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मुझे पता चला है कि किसान वल्लभ भवन आ रहे तो सरकार खुद ही उनके पास आ गई। किसानों के लिए प्रदेश सरकार ने समय-समय पर किसानों के हित में निर्णय लिए हैं। शिकायती ज्ञापन का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। दरअसल, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की तैयारी के चलते सड़को पर डामरीकरण के चलते किसानों को मेन रोड पर धरने की अनुमति नहीं दी गई। जिसके चलते संघ कार्यालय के सामने सर्विस रोड पर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया था।

## बंद कमरे में मिला स्वास्थ्य कर्मी का शव

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले क़े शामगढ़ नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 01 छोड़फाड़ चौक में किराये क़े मकान में रहने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी का शव मिला हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी की पहचान खजूरीपंथ सेक्टर सुपरवाइजर नरेंद्र सहरिया क़े रूप में हुई है। बंद कमरे में बदबू आने की सूचना के बाद पुलिस द्वारा कमरा खोला गया था।

शामगढ़ थाना टीआई धर्मेंद्र शिवहरे सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा खोलने पर कर्मचारी नरेंद्र सहरिया का शव नजर आया। खजूरीपंथ में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर नरेंद्र सहरिया श्योपुर जिले के निवासी हैं और पिछले तीन दिनों से काम पर नहीं गए थे। डॉक्टर मनीष दानगढ़ द्वारा कर्मचारी दीपक खरे को नरेंद्र को बुलाने के लिए भेजा गया। लेकिन, बंद कक्ष में बदबू आने की जानकारी मनीष दानगढ़ को दी गई। उसके पश्चात मनीष दानगढ़ ने पुलिस को सूचित किया। बता दें कि वर्ष 2017 से नरेंद्र सहरिया इसी कमरे में किराए से रह रहे थे। मकान मालिक रमेश चंद्र फलसावदिया ने एडिशनल एसपी हेमलता कुरील को बताया कि आज बुधवार सुबह 11 बजे उक्त कर्मचारी घर के बाहर नजर भी आए थे। मामले में पुलिस जांच जारी है।

# साढ़े सात हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

## भोपाल में सीएम ने 12 विद्यार्थी को दी चाबियां, बोले-मेरिट से काम नहीं बनेगा, नैतिकता भी चाहिए

**भोपाल, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजधानी के कुशाभाऊठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 स्कूली विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबियां सौंपी। इसके बाद सरकारी स्कूलों के 7 हजार 800 प्रतिभाशाली छात्रों को मुफ्त स्कूटी के लिए प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केवल मेरिट से काम नहीं बनेगा, नैतिकता भी चाहिए। घर के अंदर कुछ भी चलता रहे, लेकिन बाहर यह बात नहीं जानी चाहिए। हमारे संस्कार ऐसे होने चाहिए कि हम आपस के मनमुटाव को बाहर दिखने न दें। सीएम ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चे जीवन में बहुत कुछ कर सकते हैं। लेकिन प्रतिभा के साथ संस्कार होना भी जरूरी है। सिर्फ पढ़ा लिखा व्यक्ति ही सब कुछ नहीं होता है, गुणी होना भी जीवन में आवश्यक है।



### लैपटॉप खरीदने के लिए मिलेंगे 25 हजार रुपए...

मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत मप्र बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक नंबर हासिल करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की राशि दी जाती है। वर्ष 2022-23 में 78 हजार 641 विद्यार्थियों को यह फायदा मिला था। लेकिन, इस बार यह संख्या 90 हजार के पार पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 12 हजार ज्यादा है। सरकार इस योजना पर 225 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी। बता दें कि वर्ष 2009-2010 से चालू हुई इस योजना में पहले मेधावी विद्यार्थियों का क्राइटेरिया 85 फीसदी अंकों तक रखा गया था। लेकिन, बाद में इसे कम कर 75 प्रतिशत कर दिया गया।

# मंदसौर डीएफओ की मौजूदगी में किया तेंदुए का अंतिम संस्कार

**रतलाम, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाजना के जंगल में तालाब किनारे मृत मिले तेंदुए का अंतिम संस्कार अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। रतलाम डीएफओ नरेश दोहरे के रतलाम से बाहर होने के कारण मंदसौर डीएफओ संजय रायखेरे की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

बता दें कि, सोमवार को रतलाम से 50 किमी दूर बाजना के गड़ीगमना के जंगल में तालाब किनारे लड़खड़ाता हुआ तेंदुआ नजर आया था। वन विभाग की टीम सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। लेकिन, तब तक तेंदुए की मौत हो गई थी। जांच के बाद पशु चिकित्सक ने तेंदुए को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मौके पर ही उसका पीएम किया था। रतलाम डीएफओ के विभागीय कार्य से रतलाम से बाहर होने के कारण सोमवार को अंतिम संस्कार नहीं हो पाया था। इसके बाद दूसरे दिन मंदसौर डीएफओ, रतलाम एसडीओ सीताराम नागरे, रतलाम रेंजर पुष्पलता मौर्य, रेस्क्यू प्रभारी हरिसिंह डामर, इमलीपाड़ा ग्राम पंचायत सरपंच और वन विभाग के अन्य स्टॉफ बाजना सब रेंज क्षेत्र में पहुंचे। वन क्षेत्र में ही तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग की प्राथमिक जांच में तेंदुए की मौत बीमारी (ब्रेन हेमरेज) के कारण होना सामने आई थी। इसकी पीएम रिपोर्ट आना बाकी है। तेंदुए की उम्र करीब 12 साल थी।

### तीन माह पहले मिला था शावक...

बाजना क्षेत्र के गड़ीगमना गांव में तीन माह पहले भी तेंदुए का एक शावक मिला था। शावक रात के अंधेरे में गांव के एक कच्चे कुएं में गिर गया था। ग्रामीणों ने उसका रेस्क्यू कर पास के आंगनवाड़ी केंद्र के एक कमरे में ले जाकर बंद कर दिया था। इसके बाद वन विभाग को सूचना देकर उनके सुपुर्द किया था।

# रेवास देवड़ा फायरिंग रेंज में पुलिस वालों ने किया शस्त्र चालन अभ्यास

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को रेवास देवड़ा क्षेत्र में गोलियों की आवाज सुनाई दी। कारण, 166 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के हाथ में बंदूक थी। यहीं नहीं पुलिस कप्तान भी रायफल चलाते हुए नजर आए। यह अवसर था शस्त्र चलाने के अभ्यास का।

रेवास देवड़ा स्थित फायरिंग रेंज में पुलिस विभाग ने व्यापक स्तर पर प्रैक्टिस शुरू की। आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था को देखते हुए ये अभ्यास कराया जा रहा है। मंगलवार-बुधवार को आयोजित इस अभ्यास में कुल 166 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। फायरिंग प्रैक्टिस के पहले दिन 84 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया था। इनमें 19 अधिकारी और 65 कर्मचारी शामिल थे। दूसरे दिन 45 अधिकारी और 121 कर्मचारियों ने अपनी दक्षता दिखाई। पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने फायरिंग रेंज पहुंचकर जवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खुद भी शस्त्र... शेष पेज 4 पर

# एक बार फिर बारिश का अलर्ट..!

## 31 जिलों में बारिश का अनुमान, मंदसौर-नीमच भी शामिल

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और शिवपुरी जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। पूरे मध्यप्रदेश में मौसम ने अलग-अलग रंग दिखाने शुरु कर दिए है। फरवरी महीने के शुरू होते ही मौसम में बदलाव देखने को मिलने लगा है। बीते दिन सुबह से ही बादल छाने से दिन के तापमान में कुछ कमी आई है। वहीं रात के तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई है। दिन के समय हवा भी चली।

मौसम वैज्ञानिको के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ और प्रेरक चक्रवात बना हुआ है। इसके साथ ही अरब सागर से आर्द्रता मिल रही है। इससे बादल छाए हैं। वहीं ग्वालियर सहित प्रदेश के 31 जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। इससे एक दो दिन में दिन व रात के तापमान में कमी आएगी। बुधवार को अधिकतम तापमान 26.1 और न्यूनतम 14.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जारी किया है। इसमें मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और शिवपुरी जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। साथ ही कई अन्य जिलों का मौसम शुष्क बना रह सकता है। भिंड, मुरैना और श्योपुर जिले में वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने अपने दृष्टिकोण में बताया है कि भले ही तापमान में विशेष बदलाव न हो लेकिन, इसके बाद तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

# ब्लड बैंक, दवा दुकान के लिए एक ही पोर्टल से मिलेगा लाइसेंस

**भोपाल, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ब्लड बैंक और दवा दुकान के लाइसेंस के लिए अब पूरे देश में एक ही पोर्टल से आवेदन लिया जाएगा। पोर्टल केंद्रीय परिवार व कल्याण विभाग ने तैयार किया है। इसका नाम ऑनलाइन ड्रग लाइसेंस सिस्टम है। नए पोर्टल के बारे में जानकारी देने के लिए इससे जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए जरूरी प्रशिक्षण पूरा हो गया है। प्रशिक्षण के बाद अब जिले में जब-जब दवा दुकानों के लाइसेंस की समय-सीमा समाप्त होगी, उनको ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में बता दिया जाएगा। अब पूरे देश में ऑनलाइन केंद्रीकृत आवेदन ही लिए जाएंगे। ब्लड बैंक के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी जरूरी होगी। दवा दुकान के लाइसेंस के पूर्व ड्रग्स विभाग के अधिकारी भौतिक सत्यापन करेंगे। पड़ताल के बाद ही अधिकारी की अनुशंसा के बाद ऑनलाइन लाइसेंस मिलेगा।

**होम्योपैथी के लाइसेंस भी ऑनलाइन देंगे**–अंग्रेजी दवा दुकानों के अलावा होम्योपैथी की दवाओं के लाइसेंस भी अब ऑनलाइन पोर्टल से मिलेंगे। अब तक जिला स्तर से होम्योपैथी के लिए लाइसेंस देते थे, अब इसको ऑनलाइन ही दिया जा सकेगा। इसके लिए आयुष विभाग में आवेदन लगेगा व वहीं से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। सरकार को आवेदन के बजाए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे।, दवा दुकान पर लाइसेंस के लिए मुहर राज्य सरकार लगाएगी, लेकिन ब्लड बैंक के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी अंतिम रहेगी। दवा दुकान अगर एकबार भी निलंबित की गई है तो शपथ पत्र देना होगा।



**खेलों में भी अव्यवस्था**– मंदसौर जिला मुख्यालय पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं रखी गई। वहीं पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं दिखी, चिलचिलातीं धूप में खिलाड़ी जमीन पर बैठे रहे।

# पहरेदारी के साथ बीमारी का तनाव..!

## किसान चिंतित, काली मस्सी के साये में अफीम फसल

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अफीम की सुरक्षा को लेकर अफीम किसान लगातार पहरेदारी कर रहे है। अब अफीम पर फूल भी आने लगे हैं। कहीं-कहीं फूल डोडे का रूप भी लेने लगे है। लेकिन, फसल पर रोगों का साया भी बढ़ गया है। जिले के कई गांवों में वर्तमान में काला सोना कही जाने वाली अफीम की फसल अच्छी स्थिति में है। लेकिन, फसल पकने के समय बार-बार बदल रहे मौसम से अब फसल पर रोगों का अटैक होने लगा है। अफीम की फसल पर अब काली मस्सी का प्रकोप बढ़ गया है। इससे फूलों में यह रोग लग रहा है। फूल आने के साथ सुरक्षा को लेकर भी किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं अब फसल को रोगों से बचाने के लिए भी किसानों ने कीटनाशक का छिड़काव शुरू कर दिया है।

अंचल के कई गांवों में वर्तमान मे प्रत्येक फसल पकने की कगार पर है तो वहीं काला सोना कहे जाने वाली अफीम की फसल पर भी फूल आने लगे है। तीन-चार दिन से लगातार मौसम बदल रहा है और बादल छाए हुए है। इसके कारण काली मस्सी का प्रकोप बढ गया है। वहीं पत्ते पीले पडने लगे है। इससे बचने के लिए किसानों को कई प्रकार के जतन करना पड़ रहे है। दूसरी तरफ किसानों द्वारा फसल पर मच्छर ना बैठे इसके लिए भी फसल को चारों और से जाल से ढका जा रहा है।

किसानों के अनुसार अफीम फसल पर बदलते मौसम के कारण रोगों का असर बढ गया है। अफीम पर काली मस्सी देखने को मिल रही है। जिसके चलते फसल के पत्ते पिले व फूल खिलने मे भी परेशानी आ रही है। पहले ही नीलगायो से परेशान थे ओर अब फिर फसल पर रोग आने लगा है। किसानों बताया कि अभी वर्तमान में अफीम फसल की बोवनी कर रखी है। इसके चलते फूल पर डोडे आने लगे है। लेकिन, बदलते हुए मौसम के कारण फसल पर मोयले से लेकर कालीमस्सी का असर अधिक होने लगा है। इससे पत्तों में छेद हो गए है।



### फसल पर बैठ रहे मच्छर...

किसानों ने बताया कि अफीम फसल की बोवनी करे हुए तीन माह से अधिक समय बीत गया है। अब रोग लगने से पत्ते तो ठीक पौधों पर भी असर पड़ रहा है। किसान रामनारायण शर्मा, महेश रावल, किशन सुतार, प्रदीप कुमावत ने बताया कि फसल पर बारीक मच्छर बैठ रहे है, जो नुकसान पहुंचा रहा है। इससे फूल नीचे गिर रहे है। इस कारण अब दवाओं का छिड़काव करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि आधे से अधिक अफीम काश्तकारों ने फसल को बचाने के लिए साड़ियों से लेकर जालिया लगाकर फसल को बचाने के लिए खेतों पर सुरक्षा घेरा बनाया है।

## ई स्कूटी हेतु स्वीकृति पत्र वितरीत

**नारायणगढ़, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन जी यादव द्वारा ई स्कूटी वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कक्षा 12 वीं के छात्र छात्राओं और स्टाफ सदस्यो द्वारा देखा गया ।शॉसकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारडा में आज शाला के दो छात्र छात्रा भेरू सिंह पिता अर्जुन सिंह और मोनिका पिता बलवंत को ई स्कूटी हेतु स्वीकृति पत्र मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्री निलेश जैन द्वारा वितरित किए गए। सर्वप्रथम श्री जैन द्वारा मा सरस्वती की प्रतिमा को माला पहनाई गई तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत प्रभारी प्राचार्य मुकेश कुमार प्रजापति द्वारा किया गया।

## न्यायालय ने युवती के अपहरण करने के आरोपी को दोषमुक्त किया

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तृतीय जिला अपर सत्र न्यायालय मंदसौर की न्यायाधीश डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने एक निर्णय में युवती को बहलाफुसला कर ले जाने एवं विवाह करने के आरोप में आरोपी सुमित दय्या को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से छ: साक्षियों के कथन कराए गए। प्रकरण में अभियोजन युवती को अपहरण का बहलाफुसला कर ले जाने तथा शादी करने को प्रमाणित नहीं कर पाया। न्यायालय ने आरोपी के अभिभाषक विपिन कुमार तिवारी, कृष्णकांत सेन के तर्को से सहमत होते हुए आरोपी सुमित दय्या को भादवि की धारा 363 एवं 366 के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में आरोपी की ओर से पैरवी विपिन कुमार तिवारी, कृष्णकांत सेन ने की।



## सायबर सुरक्षा एवं जागरुकता को लेकर व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि सेफ क्लिक म.प्र.पुलिस का जनसंवाद अभियान साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर महाविद्यालय में व्याख्यान किया गया। महिला थाना मंदसौर से पधारे अतिथि सहायक उपनिरीक्षिक श्री सुरेन्द्रसिंह यादव एवं श्री महेशचन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक श्रीमती मंजू गुर्जर एवं श्रीमती अनिता जाट काअतिथि परिचय एवं स्वागत उद्बोधन प्राचार्य द्वारा दिया गया।

मुख्य वक्ता श्री सुरेन्द्रसिंह ने छात्राओं को साइबर अपराध के संबध में जानकारी दी आपने बताया कि वर्तमान मे साइबर अपराधी अलग-अलग नम्बरों से, बैंक अधिकारी बनकर, आपके परिवार में किसी का अपहरण या दुर्घटना हो गई हैऐसे मेंनजदीकी बनकर आपसे रूपयों की मांग करते है तो ऐसे झांसे में न आयें ऐसी स्थिति में आप तुरन्त नजदीकी थाने या 1930 नंबर पर अपराध से संबंधित जानकारी दें। प्रधान आरक्षक मंजू गुर्जर ने बताया कि कोई गलत लिंक या लाटरी लगने जैसी ठगी में ना आये। विषय प्रर्वतन करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि पहले सशस्त्र लुटेरे होते थे जो सामने से आकर लुटते थे किन्तु वर्तमान डकैत स्मार्ट हो गये है। वे साइबर क्राइम के माध्यम से लुट करते है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा.अनुराग आर्य ने किया। इस अवसर पर स्टाफ एव 40 से अधिक छात्रायें उपस्थित रही।

## पंख अभियान के तहत नोडल अधिकारियों की बैठक आज

**नीमच, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजना अंतर्गत बांछडा समुदाय के उत्थाहन के लिये संचालित पंख अभियान नीमच के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में बांछडा समुदाय बाहुल्य ग्रामों में चयनित नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज 6 फरवरी 2025 को दोपहर 2.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। सभी नोडल अधिकारियों को बांछडा समुदाय बाहुल्य ग्रामों में बांछडा समुदाय के उत्थान हेतु वर्तमान में किये जा रहे कार्यो एवं आगामी कार्ययोजना के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।



## जल जीवन मिशन की कार्यशाला सम्पन्न

**सीतामऊ, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश जल निगम की गांधी सागर-1 समूह जल प्रदाय योजना के तहत विकासखंड सीतामऊमें आज 4 फरवरी को क्लस्टर स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन वर्ल्ड वाइड वेलफेयर रिसर्च फाउंडेशन क्रियान्वयन संस्था आईएसए के द्वारा किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सीतामऊउपाध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह ने सरस्वती माल्यार्पण पूजन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें जनपद सदस्य कृष्ण विष्णु पाटीदार, राजकुंवर भारत सिंह एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंदसौर से प्रबंधक जनसहभागीता मेडम श्रीमती प्रियंका जैन, एसक्यूसी मैनेजर संदीप डाकर, असिस्टेंट मैनेजर श्रीमती सृष्टि शर्मा, एसक्यूसी ए ई चिन्मय शर्मा, एलसीसी कंपनी से मयंक सिंह डिप्टी मैनेजर ने कार्यशाला में भाग लिया एवं सभी क्लस्टर लेवल के 22 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं वीडब्ल्यूएससी अध्यक्ष, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आईएसए से परियोजना प्रबंधक संतोष शर्मा, परियोजना समन्वयक सत्यनारायण प्रजापति, परियोजना समन्वयक मुकेश विश्वकर्मा, उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नीमच, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में आगामी दिवसों में धार्मिक पर्व शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि, होली (होली धुलेंडी, रंगपंचमी व रंगतेरस), गुडी पड़वा, महर्षि गौतम जयंती, चैतीचंद, ईद-उल, फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, डॉ. अम्बेसडकर जयंती, वैशाखी, पुण्यय शुक्रवार (गुड फ्रायडे), परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया का त्यौमहार मनाया जाना है। यह त्यौ हार जिले में आपसी भाई चारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने हेतु जिला स्तयरीय शांति समिति की बैठक आज 6 फरवरी 2025 को शाम 4:30 बजे कलेक्ट्रे ट सभागृह में आयोजित की जावेगी। जिला स्तररीय शांति समिति के सभी सदस्योंश से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

## श्री कृष्ण व सुदामा का मिलन मित्रता का सबसे बड़ा प्रतीक-पं. शर्मा

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम देवरी तहसील मल्हारगढ मे पंडित सत्यनारायण शर्मा के मुखारविंद से वीर हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय कथा के अंतिम दिवस के आयोजन का समापन हुआ। जिसमें पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा भागवत कथा के अंतिम दिवस मे प्रसंगवश के दौरान कहा कि एक ऋषि जी ने कहा हम पाठ पूजा कर रहे है बाद मे आना ऋषि को क्रोध आता और कहते है तेरे ना लड़की होगी ना लड़का होगा। तेरे गर्भ से मुसल पैदा होगा। पुन: सुखदेव जी व राजा परीक्षित कथानुसार फल मे तक्षक नाग बैठ जाते है। राजा परीक्षित के पास वो ही फल आता है। राजा परीक्षित वो फल काटते है। और फल काटने के पश्चात् उसमे तक्षक नाग बाहर निकलकर अपना विराट रूप ले लेता है।तक्षक नाग फिर राजा परीक्षित को डस लेता है। और फिर राजा परिक्षित की मृत्यु हो जाती है। और राजा परिक्षित मोक्ष को प्राप्त हो जाते है। इस अंतिम दिवस की कथा दौरान इस प्रकार राजा परिक्षित का मोक्ष व भगवान श्री कृष्ण के 16 हजार 108 विवाह संपन्न करवाए।कथा मे ही सुदामा कृष्ण का मिलन हुआ।भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा मिलन को मित्रता का सबसे बड़ा प्रतीक बताया।फिर भगवान श्री कृष्ण अपने परमधाम पहुंचे। इसी के साथ सप्तपरायण कथा का विराम हुआ।इस कथा सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान गुरुदेव द्वारा किया गया।देवरी ग्राम के वीर हनुमान मंदिर पर सप्त दिवसीय कथा के अंतिम दिवस की कथा के अंत मे पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा बताया गया कि इस सात दिवसीय भागवत कथा के माध्यम से आने वाली भेंट व चढ़ावा मेरे द्वारा इस वीर हनुमान मंदिर को समर्पित रही।और ग्रामवासियो व सहयोगियों द्वारा इस सात दिवसीय कथा के दौरान लगभग 1 लाख से ऊपर का चढ़ावा प्राप्त हुआ।पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा इस सात दिवसीय भागवत कथा को सुनने के लिए मंदसौर व आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या मे पधारे हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर इस कथा मे देवरी पंचायत के हेमंत सोनगरा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## छोटी आटा चक्की से शुरुआत की और आज इमरान ने किया 30 लाख का जेएस गोल्ड आटा उद्योग स्थापित किया

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** छोटी आटा चक्की से शुरुआत करके एक बड़ा मुकाम हासिल करना हर किसी के बस की बात नहीं होती है, लेकिन इमरान हुसैन निजामी जो की सोनगरी के रहने वाले हैं। इन्होंने करके दिखाया है।

इमरान कहते हैं कि मैं बचपन से ही छोटी चक्की में आटा पीस रहा हूं। मेरे परिवार वाले भी इसी छोटी चक्की से आटा पीसते थे। इमरान ने आठवीं तक पढ़ाई की है। लेकिन इनका सपना था कि आटा चक्की को लेकर एक बड़ा उद्योग स्थापित करेंगे। इसके लिए इन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के माध्यम से लोन मिल सकता है। योजना के द्वारा इमरान को 25 लाख 56 हजार का लोन मिला। जिस पर 10 लाख रुपए की सब्सिडी अनुदान भी इनको प्राप्त हुआ। अब इन्होंने लोन से लगभग 30 लाख रुपए का उद्योग अपने खेत पर ही स्थापित किया है और वहीं से आधुनिक मशीनों के माध्यम से गेहूं का आटा पीसते हैं। इनके पास आधुनिक मशीन है। जिसमें डिशटोनर मशीन, स्कूलर मशीन, बदख मशीन, कन्वेयर वाशिंग मशीन, पैकिंग मशीन, रुला मशीन, एलीवेटर मशीन, रिल मशीन, क्लीनिंग मशीन इत्यादि मशीनों के माध्यम से ये गेहूं की ब्रांडिंग, उसकी छटनी, उसकी सफाई, गेहूं को गर्म करना, आटे को ठंडा करना इत्यादि कार्य करते हैं। उनकी ब्रांड का नाम जेएस गोल्ड है। इनके उद्योग की खास विशेषता यह है कि आटे को पीसने के पश्चात भी आटे के पोषक तत्त्व खत्म नहीं होने देते हैं। पीसते ही आटे को तुरंत मशीन के माध्यम से ठंडा करते हैं। जिससे गेहूं के जो पोषक तत्त्व होते हैं वे खत्म नहीं होते हैं। इसके साथ ही पीसने से पूर्व गेहूं को नमी युक्त मशीनों का माध्यम से किया जाता है। जिससे आटे की गुणवत्ता बनी रहती है। मशीनों के माध्यम से इमरान एक दिन में 2 टन गेहूं को पीसते हैं और इनका सारा आटा मंदसौर में ही बिक जाता है। मंदसौर के व्यापारी इनके उद्योग से ही आटा खरीद लेते हैं। इनके आटे की बहुत डिमांड रहती है। डिमांड के अनुसार आपूर्ति नहीं कर पाते हैं। ये अन्य लोगों को भी साथ में रोजगार दे रहे हैं। इनको महीने की 70 से 80 हजार रुपए आय प्राप्त हो जाती है और साल की ये 7 से 8 लाख रुपए कमाते हैं।

## मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद के पुरस्कारों के लिये पुस्तकें आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने हैं। एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 10 फरवरी तक आमंत्रित की गई हैं।निदेशक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि उर्दू अकादमी द्वारा अखिल भारतीय पुरस्कार और प्रादेशिक पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने अखिल भारतीय पुरस्कार में 51 हजार रूपये और प्रादेशिक पुरस्कार में राशि 31 हजार रूपये दी जायेगी।

अखिल भारतीय पुरस्कार में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम कमरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना), हामिद सईद खाँ पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार (नाटक, दास्तान) और प्रादेशिक पुरस्कार में सिराज मीर खाँ सहर पुरस्कार (उर्दू शायरी), बासित भोपाली पुरस्कार (कहानी लघु कथा), मोहम्मद अली ताज पुरस्कार (रखाचित्र, रिपोर्ताज़), नवाब सिद्दीक हसन खाँ पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता (उर्दू पत्रिका) शोध व आलोचना), शैरी भोपाली पुरस्कार (बाल साहित्य), कैफ भोपाली पुरस्कार (उर्दू शिक्षक), शम्भू दयाल सुखन पुरस्कार (अ-उर्दू भाषी लेखकों / शायरों की कृति), शिफा ग्वालियरी पुरस्कार (प्रदेश के लेखक / शायर की पहली कृति), जाँनिसार अख़्तर पुरस्कार (रसाई साहित्य; रसाई, नात, उर्दू साहित्य/ शायरी की एक विद्या), पन्नालाल श्रीवास्तव नूर पुरस्कार (आत्मकथा, संस्मरण), सूरज कला सहाय पुरस्कार (यात्रा क्रतांत), नवाब शाहजहाँ बेगम ताजवर पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), निदा फ़ाज़ली पुरस्कार (उर्दू नज़्म, दोहा, रूबाई) शामिल हैं। लेखक 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक प्रकाशित पुस्तकों की चार-चार प्रतियाँ निर्धारित फार्म भरकर 10 फरवरी, 2025 तक कार्यालय, म.प्र. उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूज़ी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल अनिवार्य रूप से भेंजे। निर्धारित फार्म उर्दू अकादमी की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

## स्कूटी योजना विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की उपलब्धियों को दे रही बेहतर स्वरूप-अटोलिया

**नगरी, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रा को प्रदान की जाने वाली स्कूटी योजना के तहत मिलने वाली स्कूटी विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक जीवन की उपलब्धियों को और बेहतर स्वरूप देने का काम करेगी। संसाधनों और समय के अभाव की कमी के चलते अब परेशानी से राहत मिलेगी। उक्त बात पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल



अटोलिया ने नगर के शाउमावि में ई स्कूटी योजना के तहत पात्र छात्रों के स्वीकृति पत्र वितरण एवं भोपाल से कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दोरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं श्री अटोलिया ने इस वर्ष हासे परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को पूरी लगन एवं मेहनत के साथ अध्ययन करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की बात कहीं गत वर्ष 12 वी की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सानिया मंसूरी (87%) और आजाद मंसूरी ( 85.8%) को योजना के तहत ई स्कूटी स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कियें संस्था प्राचार्य श्रीमती रीता शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए योजना के संबंध में जानकारी दीं इस दौरान युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय तातेड़, नप सभापति राजेश जैन भी अतिथि के रूप में मंचासीन रहें संस्था के शिक्षक यशवंत धाकड, अनिल सूथार, शंकर सिंह चौहान,कमलेश धाकड भंवर लाल सागित्रा, मनीष पोरवाल, मोहनलाल डोहरा, रिलीफ पिछोलिया सहित संस्था के सभी शिक्षकों एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## चित्रकला, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**मनासा, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वाटरशेड योजना अंतर्गत आज केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह द्वारा वर्चुअली वाटरशेड यात्रा का शुभारम्भ किया इसी तारतम्य में जिले के मनासा के प्रोजेक्ट क्रमांक 1 अंतर्गत गांव गणेशपुरा ग्राम पंचायत चिकली ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत भगोरी, में अनुविभागीय अधिकारी,एवं प्रभारी जनपद सीईओ की अध्यक्षता में विद्यालयों में चित्रकला,रंगोली, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही सभी पंचायतों में दीवार लेखन के माध्यम से भी ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम मनासा पवन बारिया एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ,सहायक यंत्री श्री के. सी यादव , वाटरशेड परियोजना समन्वयक अंजली शर्मा एवं मौसम मेरावंडीया , उपयंती अशोक मालवीय एवं भगोरी पंचायत की सरपंच मंजूबाई दशरथ एवं चिकली ब्लॉक की सरपंच शांति बाई करण सिंह रावत उपस्थित थे । प्रतियोगिता के माध्यम से जल की



प्रतिपूर्ति एवं जल संरक्षण हेतु आवश्यक जल संरचनाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई एवं विद्यार्थियों को वाटरशेड योजना की महत्ता को बताते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही वाटरशेड योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा की एवं उनके द्वारा योजना से किए जा रहे कार्यों की सराहना कर उत्साह वर्धन भी किया एवं ग्रामीण जन से चर्चा करके ली जाने वाली नवीन संरचनाओं के विषय में विस्तृत चर्चा की साथ ही चयनित स्थल का निरीक्षण भी किया।



## गणपति चौक में 5 मार्च को होगा भंडारा

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति जी का 14वां विशाल भंडारा रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के तत्वावावधान में गणपति चौक में 5 मार्च, बुधवार को दोप. 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। श्री रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के संरक्षक एवं गणपति मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, श्री रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुनील बंसल, मन्दिर समिति के कोषाध्यक्ष व समिति के सूत्रधार राकुमार सिहल कबाडी, वरिष्ठकार्यकर्ता श्री अजीत मारू, सत्यनारायण गर्ग, कोमल दुग्गड, मुकेश गर्ग, देवेन्द अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रहलाद सोनी आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने दिनांक 5 मार्च 2025 बुधवार को होने वाले भंडारे के लिए गणपति जी से आह्वान किया एवं प्रथम निमंत्रण दिया कि भंडारा सफल हो। इस हेतु सभी ने प्रभु से प्रार्थना की कि भंडारा निर्विघ्न संपन्न हो। आयोजन के लिए अतिशीघ्र रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति की बड़ी मीटिंग आहूत की जाएगी। उसमें कार्य योजना का अंतिम रूप दिया जाएगा।

## क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला तितरोद में सम्पन्न

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत गाँधी सागर-1 समूह जल प्रदाय योजना के तहत विकासखंड सीतामऊके ग्राम तितरोद



में 5 फरवरी, बुधवार को क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे सीतामऊविकास खंड के 22 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं संबधित ग्रामो के वीडब्ल्यूएससी अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यशाला मे मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, जनपद उपाध्यक्ष सीतामऊश्री जितेंद्र सिंह कोटडामाता, जनपद सदस्य श्री अरविन्द सिंह खेजड़िया, पीआईयू जल निगम मन्दसौर से एसक्यूसी मैनेजर संदीप डाकर, एसक्यूसी असिस्टेंड मैनेजर श्रीमती सृष्टि शर्मा, ए.ई. श्री चिन्मय शर्मा, आईएसए से परियोजना प्रबंधकसंतोष शर्मा, परियोजना समन्वयकसत्यनारायण प्रजापति, परियोजना समन्वयक मुकेश विश्वकर्मा, एवं सामुदायिक प्रेरक कार्यशाला मे उपस्थित रहे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 35 | 2250 | 2501 |
| उडद | 6 | 4400 | 5100 |
| सोयाबीन | 3353 | 3800 | 4255 |
| गैहु | 1552 | 2840 | 3051 |
| चना | 90 | 4800 | 5605 |
| मसुर | 40 | 4000 | 5960 |
| धनिया | 378 | 4600 | 7200 |
| लहसुन | 18000 | 3000 | 10000 |
| मैथी | 550 | 3800 | 5720 |
| मुंगफली | 695 | 4110 | 5081 |
| अलसी | 1108 | 5590 | 5980 |
| सरसो | 448 | 5640 | 5885 |
| तारामीरा | 23 | 3000 | 4399 |
| इसबगोल | 35 | 9000 | 10891 |
| प्याज | 28500 | 550 | 2212 |
| कलोंजी | 2 | 11511 | 16101 |
| तुलसी बीज | 3 | 11381 | 11381 |
| डॉलर | 35 | 5799 | 8381 |
| तिल्ली | 8 | 8401 | 9201 |
| जौ | 30 | 2601 | 2681 |
| मटरसुखी | 000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 220 | 8130 | 8970 |
| चियाबीज | 18 | 12600 | 13500 |

## माशि मण्डल अध्यक्ष श्रीमती भारद्वाज ने की वीसी के जरिये बोर्ड परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

**नीमच, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल अध्यक्ष श्रीमती स्मिता भारद्वाज की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। वी.सी.में बोर्ड परीक्षाओं हेतु केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, प्रश्न पत्र थाने से निकालने हेतु कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति एवं उनके दायित्वो, मोबाइल एप प्रयोग करने संबंधी प्रशिक्षण आदि के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा की गोपनीयता एवं अतिरिक्त सावधानियों हेतु निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। नीमच के एनआईसी कक्ष में कलेक्टंर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्ण व, एसडीएम श्री संजीव साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, श्री अनिल व्यारस एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

### नामातंरण विज्ञप्ति

क्रमांक 305/नामांतरण/2025

मन्दसौर दिनांक 05.02.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 106×7/2025 | आनंद विहार एक्स-2 | 5 | मकान नं. 45 | इंद्रजीत कौर पति गुरुभेद सिंह | इंद्रजीत कौर पति गुरुभेद सिंह | सविता पति रमेशचंद्र लवाणी | विक्रय पत्र |
| 2 | 107×7/2025 | नारायण नगर संजीत रोड | 4 | मकान नं. 28/3 सर्वे नं. 277 | विमलाबाई पति कांतिलाल जैन | कृष्णा पति सत्यनारायण गुप्ता | आयुषी पति करण जैन | विक्रय पत्र |
| 3 | 108×7/2025 | गुरुहर टाउनशीप 1 | 4 | प्लांट बी 26 | गुरुचरण पिता हरकिशनलाल बग्गा व आदि | गुरुचरण पिता हरकिशनलाल बग्गा व आदि | अखिलेश पिता अनिलकुमार वप्ता अमित पिता अनिलकुमार वप्ता | विक्रय पत्र |
| 4 | 109×7/2025 | पदमावती नगर एक्स 1 | 5 | मकान नं बी 89/1 | कालो. ज्योति पति प्रेमेन्द्र कुमार चौरड़िया | स्व. जयराम तिपा स्व. तेजीलाल श्री हर | कांता पति स्व. जयराम श्री हर | विक्रय पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण |
| 5 | 110×7/2025 | कैलाश मार्ग | 13 | प्लांट नं. 57 107 का भाग | मलेकाबाई पति इकबाल हुसैन | मलेकाबाई पति इकबाल हुसैन | सीमा पति नेमकुमार जैन श्रेया पति सन्नी जैन | विक्रय पत्र |
| 6 | 111×7/2025 | कैलाश मार्ग | 13 | प्लांट नं. 57 107 का भाग | मलेकाबाई पति इकबाल हुसैन | मलेकाबाई पति इकबाल हुसैन | सन्नी पिता नेमकुमार जैन | विक्रय पत्र |
| 7 | 112×7/2025 | महादेव विहार | 22 | प्लांट नं.ए2 का भाग | लक्ष्मणसिंह पिता मरचुमल दादलानी | लक्ष्मणसिंह पिता मरचुमल दादलानी | राकेश पिता तुलसीराम कुमावत | विक्रय पत्र |
| 8 | 113×7/2025 | नारायण नगर | 33 | प्लांट नं. 34 | शैलेन्द्र पिता सोहनलाल चौरड़िया | शैलेन्द्र पिता सोहनलाल चौरड़िया | नफिसा पति निसार मोहम्मद | विक्रय पत्र |
| 9 | 114×7/2025 | सूर्याश नगर | 4 | प्लांट नं. ई-3 | सुदीप पिता सुरेश लुहाड़िया | सुदीप पिता सुरेश लुहाड़िया | फरीद एहमद पिता शरीफ एहमद काजी | विक्रय पत्र |
| 10 | 115×7/2025 | मदारपुरा | 34 | सर्वे नं. 2416/1 कुल रकबा 1.233 हे. में से 0.2000 हे. | | | मुमताज बेवा पति नसीरुद्दीन, अमीरुद्दीन पिता नसीरउद्दीन युनुस शेख भूरी बी, जुलिय अब्दुल रहीम, अब्दुल गफ्फार, मो. जाकिर, मुहम्मद जाफर पिता वशीर मोहम्मद | भू अभिलेख, कार्यालय उपसंचालक नगरी तथा ग्राम निवेश खसरा, डायवर्शन आदेश भूधिकारी पुस्तिका |
| 11 | 116×7/2025 | दिल्ली दरवाजा सम्राट मार्केट के पास | 23 | दुकान नं. 16 | अनिलकुमार पिता दलेलसिंह गुप्ता व आदि | अनिलकुमार पिता दलेलसिंह गुप्ता व आदि | खुर्शीद पति सरफद्दीन नीलगर | विक्रय पत्र |
| 12 | 117×7/2025 | दिल्ली दरवाजा सम्राट मार्केट के पास | 23 | दुकान नं. 19 | अनिलकुमार पिता दलेलसिंह गुप्ता व आदि | मीना पति घनश्याम चौहान | शब्बीर हुसैन पिता मुल्ला फखरुद्दीन आलोटवाला | विक्रय पत्र |
| 13 | 118×7/2025 | सिलावट गली | 19 | मकान नं. 27 | संजयकुमार पिता मोहनलाल गुप्ता | संजयकुमार पिता मोहनलाल गुप्ता | कृष्णाबाई पति किशोर नागदा | विक्रय पत्र |
| 14 | 119×7/2025 | स्कीम 1 रोड 4 सहकारी बाजार रोड | 7 | प्लांट नं. 39 उत्तरी भाग | मनीष पिता प्रदीप सोनी व आदि | मनीष पिता प्रदीप सोनी व आदि | राधिका पति संदीप जैन दिलीप पति कैलाशचंद्र संघवी | विक्रय पत्र |
| 15 | 120×7/2025 | सिद्ध श्री विहार | 39 | प्लांट नं.7 का भाग | अभयकुमार पिता कनकमल मेहता व आदि | अभयकुमार पिता कनकमल मेहता व आदि | राजेशकुमार पिता कारुलाल सोनी | विक्रय पत्र, शपथ पत्र |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)

# जापान यात्रा में उम्मीदों से बढ़कर मिली सफलताए-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के संदर्भ में जापान यात्रा में कई मायनों में उम्मीदों से बढ़कर सफलताएँ मिली हैं। जापान यात्रा के दौरान अनेक सेक्टर में निवेश के लिए उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। ऑटोमोबाइल एवं उससे जुड़ी कंपनियों एवं विशेष रूप से कपास उत्पादन के क्षेत्र में निवेशक रेडीमेड गारमेंट को लेकर आगे आए हैं। रेडीमेड गारमेंट उद्योग क्षेत्र में जापान के सबसे अमीर उद्योगपति ने मध्यप्रदेश में निवेश पर रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे पास विभिन्न सेक्टर में दोनों ही प्रकार के कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय बजट की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें निहित प्रावधानों का हमें अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कई सेक्टर में हम इस पर काम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर केंद्रित है। युवा, गरीब, किसान और महिला इन चार बिंदुओं पर हम पहले से ही काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में रेलवे सेक्टर मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। औद्योगिक विस्तारीकरण के लिये हमें एक नई लाइन की खोज पर ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 जनवरी 2024 से 26 जनवरी 2025 तक संचालित जनकल्याण अभियान में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण के जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, वह उत्साह जनक हैं। अभियान में प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों एवं वार्ड में कुल 30 हजार 716 शिविरों में 42.96 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 41.71 लाख आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना के सर्वाधिक 9.91 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें से 9.81 लाख स्वीकृत किये गये। सर्वाधिक आवेदनों में 8.64 लाख आवेदन चालू खसरा/खतौनी, 3.24 लाख चालू नक्शा की प्रतिलिपियों, 2.7 लाख नो ड्यूज प्रमाण-पत्र, 2.2 लाख निर्माण श्रमिक पंजीयन और 1.27 लाख आवेदन नक्शा शुद्धिकरण के लिये स्वीकृत हुये हैं। भोपाल में सर्वाधिक आवेदन2.40 लाख, छिंदवाड़ा 2.18 लाख, उज्जैन 2.13, इन्दौर 1.20 और मुरैना 1.19 लाख प्राप्त हुए। हमें इस दिशा में और काम करना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर के कारण राजस्व अधिकारी जुडिशरी में व्यस्तता और राजस्व के रोजमर्रा कार्यों के बीच संतुलन रखने में कठिन महसूस करते हैं, इस पर विचार किया जाना है। कुछ राजस्व अधिकारियों को कलेक्टर के साथ लॉ एंड ऑर्डर के लिए और कुछ अधिकारियों को राजस्व के काम के लिए के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना के अंतर्गत 99% आवेदन स्वीकृत करने को बड़ी उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर एनर्जी के शहरी और कृषि पंप के नए कनेक्शन की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि 3 साल में ही लक्ष्य पूरा करना होगा।



# सीएसआर बजट का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो-चंद्रा

**नीमच, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कार्पोरेट सामाजिक दायित्व की बैठक गत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समस्त सीएसआर इकाईयों ने वर्ष 2024-25 में सीएसआर मद से किये गये कार्यों की जानकारी की दी। इकाईयों द्वारा सीएसआर मद से किये गये कुछ उल्लेखनीय कार्य जैसे मिशन बेंचमार्क, शासकीय स्कूलों में फर्नीचर प्रदाय, विक्रम सीमेंट खोर द्वारा स्टॉप डेम का निर्माण, तालाब गहरीकरण के साथ ही निक्षय अभियान अंतर्गत क्षय रोगियों को फूड बास्केट के वितरण के बारे में बताया। कलेक्टर ने इस कार्य के लिए इकाईयों की सराहना की।

बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी सीएसआर इकाईयों को उपलब्ध सीएसआर बजट के बेहतर उपयोग के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्य संपादन के निर्देश दिये, ताकि कार्यों का दोहरीकरण न हो व सार्थक उपयोग हो सकें। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मेसर्स ग्रीन को प्रा.लि. खेमला ब्लॉक रामपुरा को निर्देश दिये, कि वे जिला चिकित्सालय नीमच को पाइल्स, फिस्टूला, फिशर के लेजर तकनीक से उपचार के लिए उपलब्ध फंड से लेजर मशीन उपलब्ध कराये। बैठक में सीएसआर समिति के सचिव जिला पंचायत सीईओ श्री अमर वैष्णव, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर, सीएमएचओ डॉ.दिनेश प्रसाद, डीन मेडिकल कॉलेज नीमच श्री अरविंद घनघोरिया, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिल एवं सभी सीएसआर इकाईयां अल्ट्राटेक सीमेंट खोर, अडानी विलमार भाटखेड़ा, धानुका ग्रुप नीमच, एमएस सोलवेक्स जमुनियाखुर्द, टाटा सोलर पावर भगवानपुरा के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# थारो म्हारो प्रेम फिल्म के माध्यम से मालवी भाषा व क्षेत्रीय कलाकारों को बड़े परदे पर आने का मिलेगा सौभाग्य




**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मजदूर कल्याण समिति द्वारा आयोजित सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में अतिथि के रूप में पधारे भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, विधायक विपिन जैन, जनपद पंचायत मंदसौर अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, फिल्म थारो म्हारो प्रेम के निर्माता निर्देशक राजेंद्र राठौर एवं टीम, सांसद प्रतिनिधि बंशी भाई राठौर, भाजपा नेता जगदीश बैरागी. भाजपा नेता पुलकित पटवा आदि उपस्थित हुए। सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन मजदूर कल्याण समिति अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने किया।

इस विशेष अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मैं फिल्म थारो म्हारो प्रेम निर्माता राजेंद्र राठौर टीम के साथ सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सहभागीता करने पहुंचे, जहां पर श्री राठौर का सभी अतिथियों ने बडी आत्मीयता के साथ स्वागत कर बधाइयाँ दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित ने पूरे मंच को संबोधित करते हुए कहा की ,थारो म्हारो प्रेम फिल्म के निर्माता एवं पूरी टीम को बडी आत्मीयता के साथ बधाइयाँ देना चाहता हूँ, जिन्होंने हमारी मालवी भाषा और क्षेत्रिय कलाकारों को बडे परदे पर आने का सौभाग्य प्रदान कराया। अपने संबोधन में विधायक विपिन जैन ने कहा की राठौड साहब सपनों की नगरी मुंबई को मंदसौर भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की नगरी और ऊँचे पहाडों वाली देवडुंगरी माता की नगरी ले आये। जहां ये भव्य विशाल सामूहिक विवाह कार्यक्रम हो रहा है, मैं स्वयम अपने आपको आपकी टीम का सदस्य मानता हूं, क्योंकि आप हमारे शेत्र की प्रतिभाओं के सपनों को साकार कर रहे हो मैं आपकी पूरी टीम के साथ हूँ। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि बंशी राठौर ने कहा की सांसद महोदय भी इस भव्य आयोजन में पधारने वाले थे पर दिल्ली से मंदसौर पधारने में लेट होने के कारण नहीं आ पाये पर उनके प्रतिनिधि के रुप में आया और सांसद जी का संदेश लाया आपने अपने शुभ कामना संदेश में कहा की विवाह के पवित्र बंधन में बंधे सभी नव जोडों को पूरे संसदीय क्षेत्र की ओर से शुभकामना और बधाइयाँ खुशहाल और उज्वल भविष्य की ईश्वर के कामना और मालवीय भाषा में बन रही भव्य फिल्म थारो म्हारो प्रेम के निर्माता राजेंद्र राठौड और पुरी टीम को विशेष बधाइयाँ जिन्होंने हमारे संसदीय क्षेत्र की प्रतिभावान कलाकारों का आडीशन के माध्यम से सिलेशन किया। थारो मारो प्रेम फिल्म के माध्यम से मालवी सिनेमा की शुरुआत हो रही है जो आने वाली पीढ़ी को बोली से अवगत कराएगी और हमारे यहां के कलाकारों को सिनेमा क्षेत्र में अवसर मिलेंगे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 14 को मल्हारगढ़ में होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ द्वारा 14 फरवरी को नवीन जनपद पंचायत परिसर मल्हारगढ़ मे सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विवाह संपन्न कराने वाली प्रत्येक पात्र कन्या को राशी 49 हजार का चेक प्रदान किया जावेगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए वधू मध्यप्रदेश की मूल निवासी होनी चाहिए, वधू द्वारा 18 वर्ष एवं वर द्वारा 21 वर्ष आयु पूर्ण कर ली गई हो। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज में मूल निवासी का प्रमाण पत्र, वधू व उसके वर के नवीन समग्र परिवार आईडी कार्ड की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, आयु प्रमाण पत्र (अंक सूचि, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, शाला प्रमाणीकरण), पासपोर्ट साईज के नवीन 2 फोटोग्राफ, मोबाईल नंबर, कल्याणी होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता महिला होने की स्थिति में कानूनी रूप से तलाक न्यायालय के आदेश की प्रति, यदि वधू या अभिभावक भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक है तो उसकी छाया प्रति, वर/वधु अन्य जिले के हो तो सबंधित जनपद अथवा नगरीय क्षेत्र से अपने आवेदन को प्रमाणित करवाये। इन सभी दस्तावेज के साथ वधू एवं वर को संयुक्त रूप से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 31 जनवरी के पूर्व सम्बंधित ग्राम पंचायत / जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में जमा करवाना होंगे। निर्धारित समयावधि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# स्वदेशी जागरण मंच का विद्यार्थियों के बीच संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच मंदसौर द्वारा 5 फरवरी, बुधवार को दशपुर विद्या मंदिर में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को डिजिटल हस्ताक्षर, स्वदेशी, स्टार्टअप योजना, स्किल डेवलपमेंट व स्वरोजगार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान बच्चों को जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पत्रक वितरण भी किए गए।

इस अवसर पर विभाग संयोजक दिलीप व्यास ने कहा कि बेरोजगारी को मिटाने के लिए युवा स्वदेशी की ओर बढ़े और अपना उत्पाद तैयार करें। हमारा उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार की ओर ले जाना है। युवा नौकरियों के पीछे नहीं भागें। स्वरोजगार अपना कर नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बने। सह संयोजक अंकुश पालीवाल ने कहा कि भारत सरकार युवाओं को रोजगार देने का अथक प्रयास कर रही है। युवा स्वदेशी अपनाएं और भारत को विकसित बनाएं। जिला बौद्धिक प्रमुख राजेश चौहान ने अच्छी शिक्षा और उत्पाद की गुणवत्ता का अध्ययन करने का संदेश दिया। इस दौरान डिजिटल हस्ताक्षर अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो इस और भी ध्यान दिया गया और सभी से और यह आग्रह किया गया कि स्वदेशी अभियान से जुड़कर के इस आस्था हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका का सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला सहसंयोजक महेंद्र सिंह राजावत, तहसील संयोजक अभिजीत मंडलोई, तहसील सहसंयोजक सतीश बैरागी नगर सह संयोजक भारत ओझा महिला प्रमुख बहन मीनाक्षी पवार रेखा जोशी, विद्यालय के प्राचार्य अतुल श्रीवास्तव एवं अन्य सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे। संचालन महेंद्र सिंह राजावत ने किया एवं आभार तहसील संयोजक अभिजीत मंडलोई ने किया।



# एड. राठौर अभा तेली महासभा के राष्ट्रीय विधि एवं प्रशासनिक विभागीय अध्यक्ष मनोनीत

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठ अभिभाषक श्री कांतिलाल राठौर की सामाजिक सेवाओं, कर्मठता, जागरूकता, एवं संगठन के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सत्यनारायण मंगरोरा की अनुशंसा पर अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय विधि एवं प्रशासनिक विभागीय अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।



यह नियुक्ति अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेली श्री बाबूलाल राठौर ने करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि श्री कांतिलाल राठौर सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ महासभा के भावी योजनाओं को कार्यरूप में परिणत करने में सक्रियता पूर्वक योगदान करते हुए, सम्पूर्ण भारत के सभी प्रदेशों में संगठन को गठित कर समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित कराने में अपना योगदान प्रदान करेंगें। अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रामलाल पंचलोडिया ने बताया कि वरिष्ठ अभिभाषक साहु कांतिलाल राठौर लोक अभियोजक पद पर भी रह चुके है। तथा वे वर्तमान में तेलिया तालाब के संरक्षण हेतु विगत 10 वर्षों से प्रयासरत है। तथा अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अपनी जवाबदेही को भी पूर्ण रूप से निभा रहे है। श्री राठौर वर्ष 1996 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा 12 लोगों की जीवन रक्षा करने पर सर्वोच्च वीरता पुरस्कार भी से भी सम्मानित किये जा चुके है। श्री राठौर के अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय विधि एवं प्रशासनिक विभागीय अध्यक्ष के पद पर पुन: मनोनीत होने पर इष्ट मित्रों व समाजजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## जिले में 18 स्थाई आधार सेन्टर क्रियाशील

**नीमच, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एस.डी.एम. श्री संजीव साहू ने बताया, कि नीमच जिले में 18 स्थाई आधार केंद्र संचालित है। इन आधार केंद्रों पर आधार में सुधार व अपडेशन का कार्य किया जा रहा है।

विकासखंड नीमच में पोस्ट ऑफिस दशहरा मैदान नीमच के पास प्रधान डाकघर, लोकसेवा केंद्र कलेक्टर परिसर नीमच, एम.पी.जी.बी. अम्बेडकर मार्ग एलआईसी रोड नीमच, सी.एस.सी.-अस्क सेन्टर 250 हुडकों कॉलोनी अम्बेडकर रोड नीमच, बैंक ऑफ इंडिया 49, टैगोर मार्ग नीमच में आधार केंद्र संचालित हैं। मनासा में लोकसेवा केंद्र तहसील आफिस मनासा, लोकसेवा केंद्र तहसील कार्यालय रामपुरा, आई.सी.आई. सी.आई. बैंक मनासा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मनासा, महागढ पोस्टी ऑफिस आंत्रिमाता रोड मनासा, पोस्टे ऑफिस मनासा सदर बाजार मुदंरा कम्पाउंड, एम.पी.जी.बी. आधार मंदसौर स्वास्थ्य मनासा, पोस्टे ऑफिस रामपुरा में आधार केंद्र क्रियाशील हैं। जावद में जावद पोस्ट ऑफिस, लोकसेवा केंद्र जावद, जावद में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सिंगोली, लोकसेवा केंद्र तहसील कार्यालय सिंगोली, खोर में स्टाफ कॉलोनी पोस्ट आफिस खोर में आधार केंद्र संचालित हैं।

# दिवंगत शिक्षक पिता की आत्मा की शांति एवं मोक्ष हेतु गौ सेवा, दान एवं विद्यालय छात्रों को अध्ययन सामग्री भेंट कर आदर्श स्थापित किया

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ तहसील के ग्राम मुवाला के प्राथमिक विद्यालय में सेवारत अध्यापक व पूर्व प्रधानाचार्य श्री प्रहलाद सिंह जी झाला की मृत्यु उपरान्त उनके तेरहवी कार्यक्रम को उनके दोनों पुत्रों ने, पिता के संस्कारों और शिक्षा के अनुरुप् ही कर समाज में एक अनुठी मिसाल पेश करी हे। दिवंगत श्री झाला के पुत्रों ने पिता के तेरहवी कार्यक्रम पर गौ सेवा, दान तथा पिता श्री के सेवारत विद्यालय के छात्रों को भोजन प्रसादी एवं पाठ्य सामग्री वितरण कर, अपने पिता की आत्मा शांति एवं मोक्ष क्रिया कार्यक्रम को सम्पन्न किया। इस विशेष श्रद्धांजलि एवं शौक कार्यक्रम के अंतर्गत दिवंगत श्री झाला के बड़े बेटे श्री युवराज सिंह झाला ने अपने पिता कि उपलब्धियों और उनके सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए, सभी छात्रों को संबोधित किया श्र श्री युवराज ने बताया कि, पिता जी ने बिना किसी प्रशिक्षण के प्रदेश कि कुश्ती एंव कब्बडी जैसे खेलों का प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधित्व किया, खेल व् शिक्षा दोनों के प्रति उनका समर्पण बहुत गहरा रहा, पिता जी कि हार्दिक मंशा रहती थी, कि, उनके विद्यालय का हर छात्र बड़े पद पर कार्य करें, और इसके लिए वे छात्रों कि हर संभव सहायता करने के भाव से सदेव छात्रों के साथ तत्पर रहते थे श्र लेकिन काल के गाल में समा जाने से आज वे हम सभी के बीच नही रहे। लेकिन पिता श्री कि इस अधूरी मंशा कि पूर्ति हेतु में और मेरा परिवार आप सभी छात्रों के साथ और सहयोग के लिए संकल्पित है श्र इस विद्यालय के विद्यार्थियों को अगले 15 वर्षों में प्रशासनिक सेवाओं तक पहुँचाने के लिए झाला परिवार हर संभव प्रयास करेगा! इसके साथ ही दिवंगत श्री झाला के छोटे बेटे श्री राजराजेश्वर झाला ने परिवार की और से मृत्यु भोज को कुप्रथा बताते हुए, समस्त समाज और समाज जन से इस पर प्रतिबंध के लिए आग्रह किया, उनके छोटे बेटे श्रीराजराजेश्वर सिंह ने कहा कि महाभारत में दुर्योधन द्वारा श्री कृष्ण से भोजन करने के आग्रह पर कृष्ण ने कहा कि सम्प्रीति भोज्यानि आपदा भोज्यानि वा पुनै: अर्थात जब खिलाने वाले का मन प्रसन्न हो, खाने वाले का मन प्रसन्न हो, तभी भोजन करना चाहिए। वहीं सामाजिक दृष्किोण से यह उचित नहीं है। समाज के हर वर्ग को ऐसी कुप्रथा के प्रतिबंध हेतु शुरुवात स्वयं से करना चाहिए, ताकि अन्य भी इससे प्रेरित होकर, ऐसी कुप्रथाओ पर अंकुश लगा सके, मेरे पिता श्री झाला ऐसी अनेक कुप्रथाओं के प्रतिबंध को लेकर सदेव समाज से आग्रह के साथ सभी को समय समय पर जागरूक करते रहे। आज उन्हीं की शिक्षा और संस्कार का मान रखते हुए, हमारे परिवार ने मृत्यु भोज का सामूहिक बहिष्कार किया।

विद्यालय परिसर पर आयोजित शौक सभा कार्यक्रम में गाँव के सभी वरिष्ठजनों, विद्यार्थीयों और शिक्षकों ने स्व. श्री झाला को श्रद्धांजलि अर्पित कर, उनके द्वारा किए गए अनेक कार्यों का स्मरण किया। अंत में विद्यालय वर्तमान प्राचार्य द्वारा दिवंगत अध्यापक श्री झाला सा. के योगदान को सदैव हृदय में स्थान के साथ, छात्रों के प्रति उनकी भावनाओं और संकल्प को पूरा करने के लिए विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासी प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर झाला परिवार के सदस्यों में श्री नारायण सिंह झाला भाजपा जिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह झाला, पार्थराज सिंह झाला, कुलदीप सिंह झाला एवं बंधुजन आदि उपस्थित रहें।

## स्कूटी योजना के पात्र छात्रों को स्वीकृति पत्र वितरीत किये

**ढोढर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन की ई स्कूटी योजना के तहत गत वर्ष की हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को संस्था प्राचार्य श्रीमती अंजूमबानो एवं संस्था के अन्य शिक्षकों ने स्कूटी योजना स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित कियैं इस दौरान संस्था के देवकुंवर चंद्रावत, प्रहलाद बग्गड़, मनोज शर्मा, नय्युम खान पठान,लक्ष्मी नारायण पपोंडिया, शंकर लाल खंडेला, महेंद्र सिंह चंद्रावत, दशरथ माली, मुकेश बैरागी, अशोक प्रजापत सहित शिक्षकों एवं 12 वी कक्षा के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## रेत एवं मुरम का अवैध परिवहन करते तीन ट्रेलर एक डम्पर जप्त

**नीमच, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। आज प्रात: 4 बजे से सहायक खनि अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह डावर, सर्वेयर सुनील जाधव एवं होमगार्ड सैनिको द्वारा जिले में अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। जिला खनिज अधिकारी श्री आरिफ खान द्वारा बताया गया की नीमच बायपास पर रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए 03 ट्रेलर क्रमांक RJ52GA5554, RJOGGE8660, RJ06GB8660 तथा मुरूम का एक डम्पर क्र. RJ09GA6976 जप्त किया जाकर नीमच सिटी थाने एवं नयागांव चौकी की अभिरक्षा में खडे किये गये। रेत के सभी ट्रेलरों एवं डम्पर में रायल्टी अंकित मात्रा से अधिक रेत एवं मुरूम भरी पायी गयी। इन सभी वाहनों के प्रकरणों को अर्थदण्ड की कार्यवाही हेतु कलेक्टर महोदय के न्यायालय में प्रेषित किया।

## रेवास देवड़ा फायरिंग में... पेज 1 से जारी

चालन अभ्यास में भाग लिया।

**सात दिनों तक चलेगा प्रशिक्षण अभियान**–यह प्रशिक्षण अभियान अगले 7 दिनों तक चलेगा। इस दौरान जिले के शेष पुलिसकर्मी भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में डीएसपी महिला सेल किरण चौहान, रक्षित निरीक्षक डॉ. कृष्णप्रताप तोमर, यातायात प्रभारी मनोज कुमार सोलंकी, सूबेदार सुमित्रा सोलंकी, उप निरीक्षक आर्म्स महबूब खान सहित विभिन्न थानों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


## नाम परिवर्तन संबंधी सूचना

मैं बुलाक बाई पति बद्रीलाल (BULAK BAI) निवासी ग्राम रलायता तह. व जिला मंदसौर सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरा नाम वोटर आईडी कार्ड, समग्र आईडी में श्यामाबाई दर्ज है जो सही है। किन्तु मेरे आधार कार्ड में बुलाक बाई नाम अंकित हो गया है। उसके स्थान पर परिवर्तित करके श्यामाबाई भांभी (SHYAMA BAI BHAMBHI) रख लिया है। आज दिनांक से भविष्य में मेरा नाम श्यामाबाई भांभी (SHYAMA BAI BHAMBHI) के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावें एवं आधार कार्ड में एवं अन्य दस्तावेजों में सही नाम अंकित किया जाए।

पुराना नाम व हस्ताक्षर
बुलाकबाई

नया नाम व हस्ताक्षर
श्यामाबाई भांभी पति बद्रीलाल भांभी
निवासी–ग्राम रलायता, तह. व जिला मंदसौर



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/189/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक–31.01.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास माईनिग कार्पोरेशन महू नीमच रोड दलौदा चौपाटी दलौदा जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 27.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 07.03.2025तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | अरनियागुर्जर | 23 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.03.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-22660/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.


# किसानों के कल्याण के लिये कृत संकल्पित मप्र सरकार

**मंदसौर, 05 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर किसानों के कल्याण के लिये कृत संपल्पित होकर कार्य कर रही है। सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान (ऋ्वअछ) से ध्यान पर फोकस करते हुए 4 मिशन के क्रियान्वयन पर जोर दिया है। जल्द ही प्रदेश में किसान कल्याण के लिये मिशन भी प्रारंभ होने वाला है। वर्तमान में किसानों के कल्याण की विभिन्न योजनाएँ संचालित हो रही है।

**मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में 4 लाख रूपये की सहायता**–प्रदेश के कृषकों की सहायता के लिये मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना लागू की गई है। योजनांतर्गत कृषकों को आंशिक अपंगता के लिये 50 हजार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है। स्थायी अपंगता पर एक लाख रूपये एवं मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये प्रदान किये जाते है। साथ ही अंत्येष्टि के लिये 4 हजार रूपये की सहायता दिये जाने का प्रावधान है।

**मुख्यमंत्री मण्डी हम्माल एवं तुलावटी सहायता योजना**–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों के उत्थान के लिये यह योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रसूति व्यय एवं प्रसूति अवकाश सहायता, विवाह के लिये सहायता, प्रावीण्य छात्रवृत्ति सहायता, चिकित्सा सहायता, दुर्घटना में स्थायी अपंगता सहायता, मृत्यु सहायता, अंत्येष्टि सहायता, मण्डी प्रांगण में कार्य करते समय हुई दुर्घटना में सहायता आदि का समावेश किया गया है।

**मुख्यमंत्री कृषि उपज मण्डी हम्माल एवं तुलावटी वृद्धावस्था सहायता योजना**–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में कार्यरत अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों के सहायतार्थ मुख्यमंत्री कृषि उपज मण्डी हम्माल एवं तुलावटी वृद्धावस्था सहायता योजना-2015 लागू की गई। यह योजना उन हम्माल एवं तुलावटियों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों पर प्रभावी होगी, जो मण्डी उपविधि के प्रावधान अनुसार मण्डी समिति में 18 से 55 वर्ष आयु के अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटी हैं। योजनांतर्गत हितग्राही को न्यूनतम एक हजार एवं अधिकतम 2 हजार रूपये तक प्रति वर्ष अंशदान जमा करना होगा। इस योजना का लाभ पात्रता रखने वाले अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण या हितग्राही की आकस्मिक मृत्यु/स्थायी अपंगता/असाध्य बीमारी होने की दशा में प्राप्त होगा।

**कृषि विपणन पुरुस्कार योजना**–प्रदेश में मण्डियों में प्रत्येक वर्ष में 2 बार नर्मदा जयंती एवं बलराम जयंती के अवसर पर लॉटरी पद्धति द्वारा ड्रा निकाले जाते हैं, जिसमें बम्पर ड्रा के पुरुस्कार में ‘क‘ प्रवर्ग की मण्डी समिति में 35 अश्व शक्ति का ट्रेक्टर एवं ‘ख‘, ‘ग‘ तथा ‘घ प्रवर्ग की मण्डी समितियों में 50 हजार रूपये मूल्य तक के कृषि यंत्र दिये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मण्डी के श्रेणी अनुसार एक हजार से 21 हजार रूपये तक की नगद राशि के रुप में पुरुस्कार दिये जाते हैं।

**कृषकों को 5 रुपये में भोजन थाली उपलब्ध कराने की योजना**–प्रदेश में राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार प्रदेश की 257 मण्डी समितियों में कृषि उपज के विक्रय के लिये आये कृषकों को 5 रुपये में भोजन थाली (न्यूनतम अनिवार्य मीनू 6 पूडी अथवा 6 रोटी, दाल एवं सब्जी के साथ) उपलब्ध कराने की योजना लागू की गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in